## खबर संक्षेप

### तीन माह का दिया जाएगा एकमुश्त राशन

**कटनी।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय से प्राप्त निर्देशानुसार दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजनान्तर्गत कटनी जिले में जून, जुलाई व अगस्त माह का राशन एकमुशत दिया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि माह जून से अगस्त तक (तीन माह) के एकमुश्त खाद्यान्न वितरण हेतु जिले को 225 क्विंटल खाद्यान्न का आवंटन प्रदान किया गया है। जिसमें 180 क्विंटल गेहूं और 45 क्विंटल फोर्टिफाइड चावल शामिल हैं। यह आवंटन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड प्रति व्यक्ति प्रति दिन 160 ग्राम गेहूँ एवं 40 ग्राम फोर्टीफाईड चावल की मात्रानुसार जारी किया गया है। योजनांतर्गत गेहूँ एवं फोर्टीफाईड चावल का प्रदाय 1 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से किया जाएगा। प्रदाय किए जाने वाले गेहूँ एवं फोर्टीफाईड चावल की गुणवत्ता की जांच उपरांत एफएक्यू गुणवत्ता का ही खाद्यान्न प्रदाय किया जायेगा, जिसके सत्यापन की जिम्मेदारी जिला स्तरीय गुणवत्ता समिति की होगी।

### दशरमन में राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई



**सिलौंडी।** ग्राम पंचायत भवन दशरमन में राजमाता कुशल प्रशासक अहिल्या बाई होलकर की जन्म जयंती मनाई गई जिसमें बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, नरेंद्र त्रिपाठी, अनुराग गुप्ता ,नितिन पांडे ,आशीष चौरसिया, अजय सोनी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, सरपंच सीमा भरत शुक्ला की उपस्थित में विचार संगोष्ठी हुई । विधायक ने राजमाता अहिल्लाबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला और सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने अहिल्लबाई होलकर के जीवन के संघर्ष के बारे बताया । सभी अतिथि ने मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी के क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की है । कार्यक्रम में सभी नव नियुक्त पदाधिकारी का सम्मान भी हुआ । इस दौरान सरपंच अनिल सिंह बागरी ,शैलेश जैन , साकेत लोनी ,पंजक मिश्रा ,पंचों संतोष कुमार ,जितेंद्र अरोरा,अनिल पांडे सहित समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामीणों की मौजूदगी रही

### शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने कराएं समग्र ई-के.वाय.सी

**कटनी।** शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु समग्र ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन हितग्राहियों ने अभी तक समग्र ई-के.वाय.सी नहीं कराया है, वे 5 जून 2025 तक इसे अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। समग्र ई-के.वाय.सी कराने के लिए नागरिकगण समग्र आईडी, आधार कार्ड, स्वयं अथवा परिवार के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर के साथ नगर निगम जोन कार्यालय अथवा शिविर स्थलों सहित अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन केंद्र, सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में संपर्क कर सकते हैं। हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना शिविरों का आयोजन किया जाकर समग्र से आधार ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। नागरिकों से डोर तो डोर संपर्क कर नागरिकों से निर्धारित समयावधि में अपनी समग्र ई-के.वास.सी प्रक्रिया को पूर्ण कराने का भी आग्रह किया जा रहा है।

### धुएं का छिड़काव

**कटनी।** मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर के विभिन्न वार्डो में कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव के साथ-साथ फगिंग मशीन के माध्यम से रायायनिक धुंए का छिड़काव कार्य किया जा रहा है।

---

**बीते 10 दिनों के भीतर हुए दो हादसों में चार महिलाओं सहित एक किशोर की हुई मौत**

# सड़कों में आवारा पशुओं से बढ़ रहे हादसे, वाहन चालक हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी हो अथवा ग्रामीण मुख्य मार्गों में आवारा पशुओं की वजह से आए दिन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आवारा पशुओं की वजह से वाहन चालक असमय हादसो में अपनी जान गवां रहे हैं। बीते 10 दिनो में दो हादसे पशुओ की वजह से हुई जिनमें 4 महिलाओं सहित एक किशोर की मौत हो गई। प्रशासनिक स्तर पर सख्त कार्यवाही नहीं होने के चलते पशु मालिक भी लापरवाह बने हुए हैं। मवेशियों को खुला सड़कों में छोड़ देते हैं।



### 10 दिन के अंतराल में हुए दो हादसों में पांच की मौत

मवेशियों की वजह से वाहन चालक अक्सर अनियंत्रित हो जाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। बीते 21 मई को ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत खमतरा गांव में एक कार मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

दूसरी घटना बरही विजयराघवगढ़ सड़क मार्ग में हुए बीती देर शाम हुई। जहां अचानक से मवेशी के आ जाने से हादसा हो गया और एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। एक परिवार के लोग ऑटो में तिलक लेकर बरही के खिरबा गांव से अमरपुर क्षेत्र के टिकुरी गांव जा रहा था इसी दौरान अचानक ऑटो के सामने मवेशी आ गया। और वाहन अनियंत्रित हो गया। इस हादसे में ऑटो में सवार सभी लोगों को चोट आई थीं। इसमें तीन की हालत गंभीर थी। इसमें आकाश कोल पिता गुलाब चंद कोल (13) निवासी ग्राम ककरा थाना बदेरा की मौत हो गई। यह अपने रिश्तेदार के यहां तिलक कार्यक्रम में आया था। यहां से ऑटो में सवार होकर कार्यक्रम स्थल जा रहा था। हादसे के बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां पर इलाज के दौरान बालक ने दम तोड़ दिया।

### सख्त कार्यवाही नहीं होने से पशुमालिक बने हैं लापरवाह

सड़कों में पशुओं को आवारा नहीं छोड़ने के लिए प्रशासनिक स्तर पर महज अपील ही की जा रही है कोई सख्त कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे पशु मालिक लापरवाह वाला रवैया अपनाए हुए हैं। यदि प्रशासन सख्त कार्यवाही वाला रूख अपनाएं तो कुछ हद तक अंकुश लग सकता है लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। हादसो में कई बार पशुओं की भी मौत हो जाती है। हाईवे से लेकर मुख्य मार्गों, तिराहों, चौराहों में भी पशु समूह में डेरा डाले रहते हैं। कभी सड़क में अचानक से आ जाते हैं तो कभी अचानक से दौड़ लगाते हैं जिससे वाहन चालक अनियंत्रित हो जाते है और हादसे का शिकार हो जाते हैं। गंभीर घायल होने पर कई बार मौत तक हो जाती है।

---



# रिहायशी क्षेत्र से शराब दुकान हटाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ थाना अंतर्गत मदन मोहन चौबे वार्ड मे दुर्गा मंदिर के बाजू में स्थानीय लोगों ने शराब दुकान का विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा है जिसमें शराब दुकान को रहवासी इलाके बंद करने की मांग की है.वार्डवासियों ने दुकान बंद कराने को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा हैं। एएसपी, एसडीओपी, डिप्टी कलेक्टर के साथ विधायकों के निवास स्थान में लोग पहुंचे। क्षेत्र के लोगों ने बताया मार्च से इस संबंध में लगातार मांग की जा रही है। इसके बावजूद आज तक इस दुकान को यहां से नहीं हटाया गया। धरना-प्रदर्शन के बाद भी किसी तरह की सार्थक कार्रवाई नहीं हुई। यहां तक की जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शन के दौरान शराब दुकान बंद कराई थी, फिर से आबकारी विभाग ने दुकान खोलने की अनुमति दे दी। जिससे क्षेत्र का माहौल दूषित हो रहा है। धार्मिक स्थान होने के साथ ही मुड़वारा स्टेशन भी इसी जगह पर है। यहां से मंगल नगर, आयुध फैक्ट्री, स्टेशन मार्ग होने के चलते चौबीस घंटे स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राओं के साथ आम लोगों का आवागमन होता है।

जिलाधिकारी से मांग की कि शराब की दुकान को तत्काल उक्त स्थान से हटाकर अन्य स्थान पर खोला जाए। अन्यथा की दशा में स्थानीय क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी जिलाधिकारी प्रशासन की होगी।

---

*रीठी थाना क्षेत्र में हुई थी चोरी, घरों में छिपाकर रखा था चोरी कर सामान*

# शासकीय स्कूल में चोरी के मामले में दो चोर पकड़ाए, चोरी का सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय स्कूल में ताला तोड़ चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से चोरी की सामग्री भी बरामद कर ली गई है। थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि विगत 28 मई की रात्रि अज्ञात चोरों ने उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय कस्बा रीठी में ताला तोड़कर शासकीय डेस्कटॉप, प्रिंटर, साउंड बॉक्स, की बोर्ड, सीपीयू एवं फर्नीचर चोरी कर लिया था। चोरी की सूचना पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 331(4), 305(a)bns का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की विवेचना करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रीठी निरीक्षक राखी पाण्डेय द्वारा अज्ञात चोरों की तलाश के लिए टीम गठित कर सघन तलाश शुरू की गई। उक्त घटना के सम्बन्ध में हाथ लगे सुरागों के आधार पर संदेहियों ग्राम ममार थाना रीठी निवासी सचिन उर्फ सीताराम पिता लालाराम पटेल आयु 19 वर्ष एवं सोनू पिता संतोष पटेल आयु 19 वर्ष से पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने 26 मई 25 को एक्सीलेंस स्कूल रीठी की मध्यरात्रि में लोहे की सब्बल से कमरो का दरवाजा तोड़कर डेस्कटॉप, की बोर्ड, सीपीयू, साउंड बॉक्स, फर्नीचर चुराना स्वीकार किया। चोरी किया गया समान उन्होंने अपने घरों में छिपाकर रखा गया है। उक्त चोरी की गई सामग्री आरोपियों के कब्जे से जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कार्रवाई में उप निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान, उप निरीक्षक आरपी रावत, स.उप.नि सुशील प्रजापति, प्रधान आरक्षक भोला गुप्ता, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, प्र.आर. ओम शुक्ला, आरक्षक शमशेर, राजेश, विजय, अमन शहंशाह, ज्ञानेंद्र, जफर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

**बल्कर वाहन की टक्कर से आटो सवार 11 लोग घायल**




कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी मैहर राजमार्ग पर चाका बाईपास के समीप शनिवार शाम लगभग 5 :30 बजे बलकर ने सवारी से भारी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। बलकर की टक्कर लगने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो में सवार लगभग 11 लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने शासकीय जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के मुताबिक कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चाका बाईपास के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर बल्कर क्रमांक एमपी 19 जेडसी 3407 के चालक ने सवारी लेकर जा रही ऑटो क्रमांक एमपी 21 आर 4141 में टक्कर मार दी। ऑटो में सवार सभी यात्री झुकेही रेलवे स्टेशन के समीप से चाका पब्लिक स्कूल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बलकर की टक्कर लगने से ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार चार बच्चे, चार महिलाएं सहित 11 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने शासकीय जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने बलकर को जप्त करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

---

# आरटीई लॉटरी रिजल्ट घोषित, 886 सीट का आवंटन, 10 जून तक प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए पहली आवंटन सूची प्रदेश स्तर से गुरुवार को सुबह 11 बजे जारी कर दी गई। इसके बाद अब अभिभावकों को 2 से 10 जून के बीच प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी ने बताया कि इस बार कटनी जिले में कुल 1736 प्राप्त आवेदनों में सत्यापन उपरांत निजी विद्यालयों में छात्रों के प्रवेश हेतु 886 सीट का आवंटन लॉटरी के माध्यम से हो चुका है।

सहायक परियोजना समन्वयक ने बताया कि संबंधित अभिभावक अपने बच्चों के लिए स्कूल आवंटन की स्थिति आधिकारिक पोर्टल पर भी देख सकते हैं। परिणाम पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं। आरटीई के तहत जिन बच्चों का नाम लॉटरी में आया है उन्हें 2 जून से 10 जून के बीच प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। संबंधित स्कूलों में पहुंचकर अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमिशन की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर करा सकते हैं ।

### ऐसी रहेगी प्रक्रिया

प्रथम चरण में जिन बच्चों द्वारा आवंटित स्कूल में एडमिशन नहीं लिया जाएगा उस स्थिति में विद्यालयों की रिक्त सीटों में दूसरे चरण में लॉटरी के माध्यम से प्रथम चरण मे सम्मिलित न हो पाने वाले बच्चों को प्रवेश के अवसर प्राप्त होंगे। अशासकीय विद्यालय द्वारा चयनित किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश देने से वंचित नहीं किया जा सकेगा ।

---

*किसानों ने जाली हस्ताक्षर कर पंजीयन के लगाए आरोप*

# किसान विपणन समिति लखाखेरा के पंजीयन में अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

किसान विपणन समिति लखाखेरा के पंजीयन में अनियमितता किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। लखाखेरा में विपणन समिति में नियमों को ताक पर रख कर किसानों से आधार कार्ड लेकर किसानों के साथ छलावा कर विपणन समिति का पंजीयन किया गया है। किसानों ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों के समक्ष विपणन समिति के पंजीयन में मनमानी करने के आरोप लगाए हैं किसानों ने बताया कि किसानों के जाली हस्ताक्षर कर पंजीयन किया गया है।



किसान रामलाल राय ने बताया कि मेरा नाम किसान विपणन समिति में मुझे बिना बताये दर्ज कर लिया गया मुझे इसकी जानकारी तक नही दी गई है। किसान चंद्रभान राय ने शिकायत में बताया कि मैं किसान हूँ मुझे बताए बिना सदस्यता सूची में मेरा नाम पंजीयन कर लिया गया है मेरे नाम के आगे किसी अन्य व्यक्ति ने मेरे जाली हस्ताक्षर कर दिया है। किसान जगदीश राय ने पंजीयन के गठन में गम्भीर आरोप लगाते हुए खुलासा करते हुए बताया कि चंद्रभान नामदेव पिता अनुज नामदेव निवासी बछौली का नाम समिति की सदस्यता सूची में किसान के रूप में दर्ज कर लिया गया है जबकि ग्राम बछौली में इस नाम का कोई भी व्यक्ति निवास नही करता है किसानों के नाम पर फर्जी बाड़ा धोखाधड़ी की गई है।

इस विषय पर जांच करने वाली टीम की जाँच अधिकारी ज्योति सोनी का कहना है कि किसानों ने विपणन समिति के गठन में किसानों के जाली हस्ताक्षर करने के आरोप लगाए हैं जिस पर किसानों की मुख्य समस्या विपणन समिति के पंजीयन,सदस्यता,खाद से सम्बंधित शिकायतों की जांच की जा रही है जिसमे दोनों पक्षों के बयान के आधार पर समस्त तथ्यों के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जिनके द्वारा भी समिति के गठन में गड़बड़ी की गई है उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

---

**लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किये निर्देश**

# 10वीं व 12वीं की द्वितीय परीक्षा के लिये विशेष कक्षाओं का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोक शिक्षण संचालनालय ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा की तैयारी के लिये विशेष कक्षाओं के संचालन का निर्णय लिया है। इसके लिये संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और समस्त प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग का प्रयास है कि द्वितीय बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र अधिक से अधिक संख्या में उत्तीर्ण होकर अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें।




प्रदेश में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत उत्तीर्ण विद्यार्थियों की द्वितीय बोर्ड परीक्षाएँ 17 जून से प्रारंभ होंगी। इस परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ-साथ श्रेणी सुधार के लिये विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किये जा रहे हैं। ग्रीष्म अवकाश के दौरान विद्यालय प्राचार्य राज्य स्तर से उपलब्ध करायी गयी अध्ययन सामग्री को विद्यार्थियों के व्हाट्सअप ग्रुप पर साझा करेंगे। इसी के साथ प्राचार्य विद्यार्थियों की प्रगति की समीक्षा कर उनके कठिन बिन्दुओं के संबंध में विषय शिक्षकों के साथ साझा कर विद्यालय स्तर पर कार्य-योजना बनायेंगे।

### 2 से 14 जून तक संचालन

प्रदेश में शासकीय विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश के बाद 2 जून से 14 जून के मध्य उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये शालाओं में प्रातः 10:30 बजे से कक्षाएँ संचालित होंगी। विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी और संस्कृत विषय की अध्ययन सामग्री प्रति सप्ताह जून माह में 2, 6 और 14 जून को विमर्श पोर्टल पर प्रसारित की जायेगी। शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि वे विषय शिक्षकों को अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के सम्पर्क में रहने को कहें। इसी के साथ उनकी शैक्षणिक प्रगति का निरंतर मूल्यांकन करें।

### नोडल अधिकारी बनायें

लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक को विशेष कक्षाओं के विधिवत संचालन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। द्वितीय परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों में परीक्षा के तनाव को कम करने के लिये विद्यार्थियों से सतत चर्चा करने के लिये कहा गया है। विद्यार्थियों को विमर्श पोर्टल पर उपलब्ध टिप्स एण्ड ट्रिक्स के वीडियो दिखाये जायें। जिला शिक्षा अधिकारी से द्वितीय बोर्ड परीक्षा की उनके जिले में लगायी जा रही कक्षाओं की मॉनीटरिंग करने के लिये भी कहा गया है।

---

# समाज मे उल्लेखनीय योगदान देने वाली मातृशक्तियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर भाजपा द्वारा देवी अहिल्याबाई शौर्य सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर तथा समाज के लिए उपलब्धियां एवं कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि आज इतनी बड़ी संख्या में कटनी के अलग अलग क्षेत्रों में अपना योगदान देकर समाज को दिशा देने वाली मातृशक्तियों का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ।



कार्यक्रम को पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन ने सम्बोधित करते हुए देवी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने देवी अहिल्याबाई के जीवन से जुड़ी एक कहानी सुना कर सभी को गर्व से ओत प्रोत कर दिया। संचालन कार्यक्रम की जिला संयोजक सुश्री अंकिता तिवारी ने जबकि आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी ने किया।

मंच पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सर्व श्री रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जैन सोगानी मौजूद थे। मातृ शक्तियों के सम्मान की श्रंखला में जिले की महिला शक्तियों को प्रतीक चिन्ह तथा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। शहर में ऑटो चलाने वाली 4 महिलाओं को विशेष रूप से सम्म्मनित किया गया।

## खबर संक्षेप

### अपहृत बालिका को गुजरात से किया दस्तयाब

**कटनी।** एक अपहृत बालिका को स्लीमनाबाद पुलिस ने गुजरात से दस्तयाब किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में की गई है। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया व उनकी टीम के द्वारा थाना क्षेत्र से अपहृत बालिका को गुजरात राज्य से दस्तायाब किया गया। उक्त बालिका माता पिता के डाटने से टेंशन में आकर घर से बिना बताए चली गयी थी। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिका को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने थाना स्लीमनाबाद पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, सउनि. जुबेर अली, आरक्षक रोहित,लखन पटेल,महिला आर. नेहा भट्ट, सुनीता एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही है।

### हांका गैंग ने आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही



**कटनी।** नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो में आवारा मवेशी के विचरण के कारण आम नागरिकों को होनें वाली यातायात संबंधी परेशानी तथा संभावित वाहन दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम की हांकां टीम के माध्यम से आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पकड़े गए आवारा मवेशियों को वाहन के माध्यम से अमतीरगंज स्थित कांजी हाउस में भेजनें का कार्य निरंतर जारी है। स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी तारतम्य में गतदिवस नगरपालिक की हांका टीम द्वारा जय प्रकाश वार्ड के विभिन्न मार्गो में अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में आवारा विचरण कर यातायात को बाधित कर रहे 4 नग मवेशियों को पकड़कर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही की गई। आपने जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी यह कार्यवाही लगातार नियमित रूप से जारी रहेगी।

### कटाई घाट में चलाया गया साफ-सफाई अभियान



**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर की कटनी नदी के कटाई घाट में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जलकुंभी की सफाई अभियान प्रारम्भ करते हुए जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया और जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लिये गये संकल्प अनुसार म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी द्वारा "जल गंगा सवंर्धन अभियान" चलाया जा रहा है, जो 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जलस्त्रोतों की साफ सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी एवं एनजीओ ओम साई संस्था एवं विजन ने एक साथ मिलकर श्रमदान किया और कटनी नदी की साफ सफाई की। साथ ही जल स्त्रोतो को संरक्षित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई व जल के संरक्षण के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी सुधांशु तिवारी, केमिस्ट राजेंद्र शुक्ला, सहायक यंत्री प्रतीक ज्योतिषी, भाग्यश्री सुहाने, गणेष पाठक, विजन की टीम के साथ स्मृति बर्मन, प्रत्यूषा पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### नारी सम्मान और नारी उत्थान के लिए समर्पित रहा देवी अहिल्याबाई का जीवन

# जनहितैषी कार्यों की वजह से राजमाता से लोकमाता बनीं अहिल्याबाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती बस स्टैंड स्थित आडिटोरियम में शनिवार को भव्य स्वरूप में मनाई गई।इस दौरान देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रदर्शित करती लघु फिल्म प्रदर्शित की गई और लघु नाटिका के माध्यम से लोकमाता के जीवन प्रसंगों का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर मौजूद रहकर विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया यहां आयोजित लोकमाता देवी अहिल्याबाई के 300वें जन्म जयंती आयोजन के साक्षी बने।

#### सामाजिक कार्यों की दी जानकारी

विधायक संदीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महाराष्ट्र के चौंडी (वर्तमान में अहमदनगर जिले) गांव के एक साधारण परिवार में 31 मई सन् 1725 को अहिल्या बाई का जन्म हुआ था। लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। एक तरफ उन्होंने महिलाओं की सैनिक टुकड़ी बनाकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था की। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिये। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार तथा विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किये और दहेज प्रथा पर रोक लगाने के नियम बनाये। सेना में बलिदान हुए सैनिकों की पत्नियों के लिये महेश्वर में महेश्वरी साड़ी उद्योग की स्थापना की और महिला समृद्धि का विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया। उनके राज्य में होलकर राज्य सुराज, स्वराज, सुशासन, सुव्यवस्था, संपन्नता, विकास और निर्माण का आदर्श रहा। उन्होंने महेश्वर को शिल्प, कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, उद्योग और व्यापार का केन्द्र बनाया और देशभर में विस्तारित किया। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने संबोधित किया।

इस मौके पर शासकीय तिलक महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ माधुरी गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 130 विखंडित मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा पुनर्निर्माण किया। नदियों पर घाट, धर्मशालाएं बनवाईं, अन्न सत्र प्रारंभ किये और पूजा-पाठ की स्थाई व्यवस्था की। देशभर में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की और देश को एक सूत्र में पिरोया। उनका शासनकाल, स्वर्ण काल होने के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक अभ्युदय का समय रहा है।महारानी अहिल्याबाई का जीवन नारी सम्मान, नारी उत्थान और उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए समर्पित था।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत, वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा, अतिरिक्त कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा मां सरस्वती एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम के दौरान शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा अर्शिया गेलानी एवं नित्या दुबे द्वारा नृत्य नाटिका की शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं शासकीय तिलक महाविद्यालय की डॉ माधुरी गर्ग द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन वृत्तान्त पर प्रकाश डाला गया। जबकि गीतांजलि संगीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। शासकीय सीनियर सेकंडरी कन्या छात्रावास बारहवां के 8 विद्यार्थियों द्वारा समूह प्रस्तुति दी गई। छात्रा प्रज्ञा मिश्रा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर द्वारा 2 मिनट का भाषण दिया गया।

#### प्रशस्ति पत्र से किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान रूपा साहू, अनामिका खम्परिया, वन स्टॉप सेंटर तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता पांडे और गायत्री पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाली छात्राओं को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ चित्रा प्रभात द्वारा किया गया।

इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्य नारायण अग्रहरी, सुरेश सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य, सुरेंद्र गुप्ता, सुभाष साहू, बीना बनर्जी पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी शैलेश गुप्ता,मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् निर्भय सिंह सहित जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### जगह जगह आरती उतारकर मुनि संघ की हुई अगवानी

# धूमधाम से मनाया गया श्रुतपंचमी महोत्सव, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि प्रसाद सागर महाराज एवं मुनि संघ के पावन सानिध्य में पार्श्वनाथ दिग. जैन बडे मंदिर में श्रुतपंचमी महोत्सव बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः अभिषेक,जिनवाणी पूजन एवं जिनवाणी सरस्वती अनावरण एवं मुनि संघ के मांगलिक प्रवचन के पश्चात मॉ जिनवाणी की विशाल शोभायात्रा महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर घंटाघर गर्ग चौराहा, नईबस्ती,भगवती चौराहा, हीरागंज, गोलबाजार,मेन रोड़ सुभाष चौक, कपड़ा बाजार से होते हुये बड़े मंदिर जी में समाप्त हुई। जगह-जगह रांगोली सजाकर,आरती उतारकर मुनिसंघ का पादप्रक्षलन कर आगवानी की गई इस अवसर पर मुनि ने चर्चा करते हुये बतलाया कि श्रुत पंचमी जैन समाज का महापर्व है आज से लगभग 2 वर्ष पूर्व वीर निर्वाण सम्वंत 614 में आचार्य धरसेन जो कि गिरनार पर्वत की चन्द्र गुफा में रहते थे उन्होने ने श्रुत की रक्षार्थ पुष्पदत्त एवं भूतवली नामक विशेष ज्ञान के धारक युवा मुनिराजों को बुलाया तथा उनके माध्यम से षट खंडागम शास्त्र की रचना पूर्ण की मुनिश्री ने आगे कहा कि इस दिन से श्रुत परंम्परा को लिपिबद्ध परंपरा के रूप में प्रारंभ किया गया था इसलिए यह दिवस श्रुत पंचमी के नाम से जाना जाता है

यात्रा में पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, विन्नी जैन, अजीत सिंघई शरद सरावगी, राहुल जैन, मनीष जैन, अरविन्द्र जैन, लम्पू जैन, सोनू जैन, पंचम जैन के साथ दिग. जैन पंचायत महासभा अखिल भारतवर्षीय दिग.जैन महिला परिषद्, श्री 1008 शांतिसागर रात्रि कालीन पाठशाल,गुरूभक्ति मण्डल, जैन सोशल गुरप के पदाधिकारी एवं सम्मनित सदस्य शामिल हुये।

### तंबाखू के बताए दुष्परिणाम, सेवन नहीं करने किया प्रेरित



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बड़वारा पुलिस ने शासकीय उत्कृष्ट स्कूल बड़वारा में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उत्कृष्ट स्कूल के खेल मैदान में बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए उन्हें तंबाकू का सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बातचीत करते हुए कहा कि युवा वर्ग में तंबाकू की लत तेजी से बढ़ रही है। जिसके कारण युवा पीढ़ी बीमारियों से ग्रसित हो रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान खेल मैदान में बच्चों के लिए विभिन्न शारीरिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए खो खो दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं कराई गई। उन्हें न तो तंबाकू का सेवन करने और अपने नाते रिश्तेदारों एवं मित्रों को भी तंबाकू के सेवन से दूर रखने की समझाइश दी गई।

# कच्ची शराब बनाने वालों पर कार्रवाई महुआ लाहन कराया नष्ट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा कच्ची शराब बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट कराया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दाहिया एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

पुलिस के अनुसार ग्राम तेवरी शंकर भटिया में नागनाथ व सपेरो के यहां दबिस दी गई। कार्रवाई के दौरान अवैध हाथ भटटी कच्ची महुआ की शराब जप्त करते हुये अत्यधिक मात्रा में लाहन को नष्ट किया गया। कार्रवाई करते हुए स्कीमनाबाद पुलिस के द्वारा काशी बाई पति स्व-संतोश सपेरा उम्र 40 साल एवं सविता सपेरा पति रज्जन सपेरा 44 साल, ज्योति सपेरा पति गणेश सपेरा 35 साल सभी निवासी शंकर भटिया तेवरी के ठिकानों पर कार्रवाई करते हुए 5-5 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 15 लीटर अवैध पकड़ी गयी। मौकेबपर ही जब्त लाहन को नष्ट किया गया। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया। अवैध शराब पकड़ने मे निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशिराम झारिया, उनि एस के बड़गैया, सउनि जुबेरअली, सउनि मानंती धुर्वे, प्र.आर. शेख यूसूफ, आर. विशाल शिवहरे, म.आर. सुनीता सिंह एंव नेहा भटट्, आर विवेक कुमार की भूमिका रही।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों के लिए 15 दिन का अवकाश

# 15 जून तक आंगनबाड़ी के रख रखाव, दस्तावेज संधारण उपं अन्य कार्य होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




आंगनबाड़ी केंद्रों में आगामी 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केन्द्रों में नियमित रूप से आने वाले 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों के लिए होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की उपस्थिति इस अवधि में अनिवार्य रहेगी।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यह अवधि आंगनबाड़ी केंद्रों के रख-रखाव, दस्तावेज संधारण, वार्षिक सर्वेक्षण, पोषण संबंधित गतिविधियों के लिए निर्धारित की गई है। इस दौरान केंद्रों में बच्चों के लिए नाश्ता एवं गर्म पका भोजन के स्थान पर रेडी टू ईट (RTE) भोज्य पदार्थ महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा वितरित किया जाएगा।

केन्द्रों की साफ-सफाई और मरम्मतः भवन की सफाई, खेल सामग्री की व्यवस्था, रसोई व शौचालय की मरम्मत तथा पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त रिकॉर्ड संधारण का कार्य किया जाएगा। सम्पूर्ण उपकरणों एवं फर्नीचर का स्टॉक पंजीकरण, टेक होम राशन वितरण का विवरण, संपर्क एप्लिकेशन में डाटा अपलोडिंग की जायेगी।इस अवधि में वार्षिक सर्वेक्षण (AASR) भी किया जाएगा। एक से 10 जून तक परिवार सर्वेक्षण एवं हितग्राही पहचान की जाएगी, जबकि 10 से 15 जून के मध्य अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाएगी।

बाउंड्री वॉल युक्त केन्द्रों और कुपोषित बच्चों के घरों में पोषण वाटिका हेतु क्यारियां तैयार की जाएंगी। बीज व पौधों की व्यवस्था हेतु पंचायत से समन्वय किया जाएगा।

टीकाकरण, C-MAM कार्यक्रम की निगरानी, पोषण परामर्श और गृह भेंट के माध्यम से कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं तक सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

16 जून से शुरू होगा नया सत्र

बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों इस अवधि में दूरस्थ व सहयोग की आवश्यकता वाले केंद्रों पर विशेष ध्यान देते हुए निरंतर निगरानी करेंगे। 16 जून 2025 को पुनः केंद्रों में बच्चों एवं महिलाओं के स्वागत के साथ नियमित गतिविधियां प्रारंभ होंगी।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया गया प्रेरित

# तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ एवं मिनी मैराथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराना और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं के आयोजित की गई। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील बाजपेई की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नशा न करने हेतु मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह ने तंबाकू निषेध दिवस पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को तंबाकू का सेवन न करने एवं तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान और एक स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू छोड़ने के महत्व के बारे में लोंगो को जागरूक करने की शपथ दिलाई। तंबाकू सेवन से जुड़े सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी खतरों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंबने कहा कि आज का युवा वर्ग यदि तंबाकू जैसे व्यसनों से दूर रहता है, तो न केवल वह स्वयं स्वस्थ्कास रहेगा बल्कि एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में भी योगदान देगा।

क्रीड़ा अधिकारी वीरेंद्र कुमार पटेल ने तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की समस्याओं की वैज्ञानिक जानकारी साझा की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल लाखों लोग तंबाकू से होने वाली बीमारियों के कारण असमय मृत्यु का शिकार होते हैं। यह केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है कि हम मिलकर इस समस्या से लड़ें।

युवाओं ने नारों के माध्यम से भी भी तंबाकू निषेध के बारे में जागरूक किया ₹सिगरेट जलाओ नहीं – जीवन जलाओ नहीं₹ जैसे प्रेरणादायक संदेशों ने सबका ध्यान आकर्षित किया। महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी और हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. माधुरी गर्ग, एनसीसी अधिकारी डॉक्टर सरदार दिवाकर ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और तंबाकू लत के बीच के संबंधों पर व्याख्यान देते हुए कहा कि अक्सर युवा तनाव और असुरक्षा की स्थिति में तंबाकू की ओर आकर्षित होते हैं, जबकि उन्हें सकारात्मक संवाद, परामर्श और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।




### जुआ खेलते तीन जुआरियों सहित एक सटोरिया गिरफ्तार

**कटनी।** सट्टा पर्ची काट रहे एक सटोरिये सहित जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने बस स्टैण्ड हरिजन बस्ती के पास दबिश देकर एक सटोरिये को पकड़ा है। पुलिस ने शाहिला गुप्ता निवासी गांधीगंज गरीबा चाट गली को 5 सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा है। इसी प्रकार माधवनगर पुलिस ने खैबर लाइन में आशीष वैजानी निवासी खैबर लाइन, हेमन्त जैसवानी निवासी खैबर लाइन, राहुल जैसवानी निवासी बंगला लाइन को जुआ खेलते पकड़ा है। इनके पास से 5140 रुपए जब्त किए हैं। इसी प्रकार माधवनगर पुलिस ने गौरी शंकर मंदिर के पास खैबर लाइन में रवि रासदानी को तीन नग सट्टा पट्टी के साब पकड़ा है।

### देशी एवं कच्ची शराब की जब्त

**कटनी।** अलग अलग स्थानों से देशी एवं कच्ची शराब पुलिस ने जब्त की है। चनहेटा में सुकरू निषाद निवासी इंद्रानगर के पास से 19 पाव देशी शराब, स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम तेवरी में विनोद जैसवाल के पास से 5 लीटर हाथ भट्टी शराब, बरही पुलिस ने ग्राम पथरहटा में लवकेश सिंह के पास से 28 पाव देशी प्लेन शराब, बाकल पुलिस ने ग्राम मंगेला में रामकृपाल चौधरी के पास से 17 पाव देशी प्लेन शराब, माधवनगर पुलिस ने नन्हे चौबे से शराब जब्त की है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पताः बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### रामलाल बने पथरिया विधानसभा प्रभारी

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन एवं पूर्व विधायक अजय टंडन की मंशानुसार ग्राम पंचायत सतपारा के रामलाल चौधरी को पथरिया विधानसभा के अन्तर्गत मंडलम सेक्टर एवं बी.एल.ए. के गठन संबंधी संगठनात्मक गतिविधि के लिए विधानसभा प्रभारी बनाया गया है वह उक्त संगठन संबंधी गतिविधि को जिला कांग्रेस कार्यालय को अवगत करायेगे। उनके प्रभारी बनने पर लक्ष्मण सींग, प्रदीप पटैल, पिंकी दुबे, रत्नेश सोनी, पूरन पटैल, राजाराम मासाब, अजय सिंह सहित अनेको कांग्रेसजनों ने बधाई दी है।

### प्रबुद्ध जन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया

**दमोह।** देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी समस्त प्रकोष्ठ जिला दमोह के द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस दमोह के सभागार में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष श्याम शिवहरे जी जिला जनपद अध्यक्ष श्रीमती गौरव रंजीता पटेल डॉ संगतानी जी रहे। इस दौरान मुक्ति सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंच दमोह द्वारा अहिल्याबाई जीके जीवन का चित्रण करते हुए नाटक देवी अहिल्याबाई मंचन का आयोजन किया गया नाटक में मुख्य कलाकार खुशबू तिवारी दीप्ति कोरी अखिलेश गोस्वामी देवीका नाम देव रंजीत प्रोचे आदर्श तिवारी हर्ष विश्वकर्मा निलेश प्रजापति निर्देशन कृष्णा तिवारी ने किया नाटक के माध्यम से देवी अहिल्याबाई की जीवन का चित्रण किया गया जिसमें बतलाया गया कि कैसे अहिल्याबाई देवी ने अपनी सोच-भुज और रणनीति से एक युद्ध को बिना लड़े ही जीत लिया।

## यातायात नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

# अकुशल दौड़ा रहे ट्रैक्टर ट्राली ढोई जा रही हैं सवारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



ट्रैक्टर ट्रॉलियों का उपयोग यूं तो कृषि कार्यों में होता है, लेकिन क्षेत्र में किसानों के खेती किसानी में सहयोगी अधिकतर ट्रैक्टर कृषि कार्यों के अलावा अन्य कार्य भी करते दिख रहे हैं। नगर के व्यवसायिक प्रतिष्वानों से भवन निर्माण सामग्री रेत गिट्टी की ढुलाई से लेकर मालवाहक के रूप में ट्रैक्टरों का बेजा इस्तेमाल हो रहा है। इतना ही नहीं गांवों से पचासों लोगों को ट्रॉली में बैठाकर यात्री परिवहन कर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र में कई बार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुकी है बावजूद इसके ट्रैक्टर चालक इन हादसों से सबक नहीं ले रहे हैं। खतरा बढ़ा रहे है अकुशल ,दौड़ा रहे टैक्टर नगर एवं क्षेत्र में नाबालिक बच्चे भी ट्रैक्टर ट्राली दौड़ा रहे हैं उसके बावजूद प्रशासन के नुमान्दे मूकदर्शक की भाति यह सब देख रहे हैं ऐसे अकुशल दौड़ा रहे ट्रैक्टर यातायात के नियमों का सबसे ज्यादा उल्लंघन टैक्टर ट्रॉली संचालन में ही हो रहा है। अधिकतर ट्रैक्टर चालक अकुशल रहते हैं। जो परिवहन के नियम कानून भी नहीं जानते, लोगों को ट्रॉली में भरकर ऐसे चालक उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। साथ ही सड़क पर दूसरे वाहन चालकों, राहगीरों के लिए भी खतरा बन रहे है । नंबम्बर 2023 को कार्तिक पूर्णिमा के दिन नर्मदा स्नान कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई थी जिसके कारण दो महिलाओं की इस हादसे में मौत हो गई घटना तेंदूखेड़ा से 5 किलोमीटर तेजगढ़ मार्ग पर पिडरई पाँजी के पास की थी जहां पर मुख्यमार्ग पर अनियंत्रित होकर लगभग 10 फुट गहराई में जाकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई थी इसके अलावा कई दुर्घटना ट्रैक्टर ट्राली के कारण घटित हो चुकी है एक साइड की हेड लाइट से होता भ्रम- रात के समय अधिकतर ट्रैक्टर में एक ही तरफ की हेडलाइट जलते दिखती है। इससे दूर से बाइक आने का भ्रम होता है। पास आने पर क्रॉसिंग के दौरान इससे हादसे हो जाते हैं। ऐसे एक हेडलाइट के ट्रैक्टर दुर्घटना की बड़ी वजह बनते हैं। न नंबर प्लेट लगी ना ही रेडियम पट्टी सड़क पर दौड़ रहे ट्रैक्टरों में तेज आवाज के स्पीकर पर गाने बजते सुने जा सकते हैं। इनके चालक तेज गति से ट्रैक्टर दौड़ाते हैं, जिन्हें गाने की तेज आवाज में दूसरे वाहनों के हॉर्न सुनाई नहीं देते। इससे अक्सर दुर्घटना घटती है। वहीं हजारों रुपए साज-सज्जा पर खर्च करने के बावजूद इनमें न तो नंबर डले होते हैं न ही ट्रॉली पर पीछे रेडियम की पट्टी होती है। इससे रात के समय पीछे से जाने वालों को उक्त ट्रैक्टर नहीं दिखते और पीछे से दूसरा वाहन टकराने से हादसे होते हैं। राजस्व को लग रहा चूना- नियमों के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग खेती किसानी संबंधी कार्यों में ही किया जा सकता है। इनका व्यवसायिक या सवारी वाहन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ट्रैक्टर को कृषि कार्य में प्रयुक्त होने से टैक्स में छूट मिलती है, लेकिन इनका व्यवसायिक इस्तेमाल होने से शासन के राजस्व को भी क्षति पहुंच रही है। जिमेदार अधिकारियों से लोग मांग कर रहे है कि सड़कों पर ट्रैक्टरों के अवैध उपयोग पर रोक लगाई जाए।

## गौ हत्या के आरोपियों को शीघ्र पकड़ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम चंडी चोपरा में विगत दिवस एक गौमाता की अज्ञात हत्यारों द्वारा निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई थी जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिलने के कारण सकल हिंदू समाज में रोस व्याप्त है।ऐसे निर्दयी हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी कि मांग को लेकर शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की कार्यकर्ताओं ने जबेरा थाना पहुंचकर ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मांग करते हुए कहा है कि विगत दिवस चंडी चोपरा में गौ माता की निर्ममता के साथ हत्या की गई थी जो सर्व हिंदू समाज की आस्था का विषय है जिसमें हुई गिरफ्तारी या तमाम कार्यवाही संदेहास्पद नजर आ रही है।पिछले समय में विश्व हिंदू परिषद द्वारा दिए गए ज्ञापन में स्पष्ट भी किया गया था कि जल्द से जल्द आरोपी पकड़े जाने की मांग की गई थी। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि शीघ्र ही गौ हत्यारे पकड़े जाएं और मामले का पर्दाफाश किया जाए यह शासन प्रशासन को संगठन की अंतिम चेतावनी है।इसके पूर्व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा थाना परिसर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। इस दौरान जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस आरोपियों को पकड़ने का निरंतर प्रयास कर रही है और पुख्ता साक्ष्य मिलने पर निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के ब्लॉक अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## अंधे मोड़ और स्पीड ब्रेकर पर लगाए रेडियम



**सिंग्रामपुर।** दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने अपनी टीम के साथ मिलकर अंधे मोड़ और स्पीड ब्रेकर पर रेडियम लगवाए। इससे वाहन चालकों को आगे की सड़क की स्थिति का पता चल सकेगा और हादसों को रोका जा सकेगा। बता दें सड़क निर्माण कंपनी द्वारा डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर पर रेडियम या दिशा सूचक यंत्र नहीं लगाए गए थे, जिससे आये दिन हादसे हो रहे थे। सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने बताया कि उनकी टीम ने सिंग्रामपुर से जबेरा तक रेडियम लगवाए हैं ताकि हादसे होने से बच सकें। इस पहल में प्रधान आरक्षक जालम सिंह, प्रधान आरक्षक रणधीर सिंह, आरक्षक राम मनोहर यादव, सैनिक शिव विश्वकर्मा, एन आरएस गुलाब और धर्मेंद्र शामिल थे।

## जैन ग्रंथ एवं शास्त्रों की रक्षा का महापर्व : श्रुत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जैन धर्म में ज्येष्ठ माह, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को 'श्रुत पंचमी' का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान महावीर के दर्शन को पहली बार लिखित ग्रंथ के रूप में प्रस्तुत किया गया था। पहले भगवान महावीर केवल उपदेश देते थे और उनके प्रमुख शिष्य (गणधर) उसे सभी को समझाते थे उसे सुनकर ही स्मरण किया जाता था इसीलिए उसका नाम 'श्रुत' था। इसी दिन पहली बार जैन धर्मग्रंथ लिखा गया था। भगवान महावीर ने जो ज्ञान दिया, उसे श्रुत परंपरा के अंतर्गत अनेक आचार्यों ने जीवित रखा। गुजरात के गिरनार पर्वत की चन्द्र गुफा में धरसेनाचार्य ने पुष्पदंत एवं भूतबलि मुनियों को सैद्धांतिक देशना दी जिसे सुनने के बाद मुनियों ने एक ग्रंथ रचकर ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी को प्रस्तुत किया। मीडिया प्रभारी प्रदीप जैन निराला ने बताया कि एक कथा के अनुसार 2,000 वर्ष पहले जैन धर्म के वयोवृद्ध आचार्यरत्न परम पूज्य 108 संत श्री धरसेनाचार्य को अचानक यह अनुभव हुआ कि उनके द्वारा अर्जित जैन धर्म का ज्ञान केवल उनकी वाणी तक सीमित है। उन्होंने सोचा कि शिष्यों की स्मरण शक्ति कम होने पर ज्ञान वाणी नहीं बचेगी, ऐसे में मेरे समाधि लेने से जैन धर्म का संपूर्ण ज्ञान खत्म हो जाएगा। तब धरसेनाचार्य ने पुष्पदंत एवं भूतबलि की सहायता से 'षटखंडागम' शास्त्र की रचना की, इस शास्त्र में जैन धर्म से जुड़ी कई अहम जानकारियां हैं। इसे ज्येष्ठ शुक्ल की पंचमी को प्रस्तुत किया गया। इस शुभ मंगलमयी अवसर पर अनेक देवी-देवताओं ने णमोकार महामंत्र से 'षटखंडागम' की पूजा की थी।

### बैंकाक में ओजेन्द्र तिवारी एवं पदमा तिवारी सम्मानित

**दमोह।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में ओजेन्द्र तिवारी और पदमा तिवारी को बौद्ध इंटरनेशनल अवार्ड 2025 एवं अंतर्राष्ट्रीय देवनागरी सम्मान से भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। भारत से आमंत्रित 57 महान विभूतियों को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय मंच की विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति से ऐतिहासिक अवसर पर थाईलैंड के महामहिम राजा जनरल ग्रैंडमास्टर डॉक्टर सुमपंद रथ पटाया, इंडोनेशिया के महाराजा वाई के एम ओ के 11, थाई सरकार के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पुलिस लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ मोन रूडी सोमार्ट, अमेरिका के डॉक्टर परमिंदर सिंह, डॉ प्रेम प्रकाश, पवन मिश्रा सहित अनेक देशों के विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन के सूत्रधार और प्रेरणा स्रोत समारोह के पीछे धरा धाम इंटरनेशनल देवनागरी उत्थान फाउंडेशन, यूनाइटेड गिल्ड लंदन, और एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स श्रीलंका जैसी संस्थाओं का सशक्त योगदान रहा। जो विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति धर्म और सर्वधर्म समभाव को प्रतिष्ठित करने हेतु सतत कार्यरत है। इसी कार्यक्रम में सौरभ पांडे जी की नौ किताबो का विमोचन हुआ। उदगार और अनुभूतियों कार्यक्रम में संत सौरभ पांडे, डॉक्टर सुनील दुबे मिसेज एशिया यूनिवर्स पूजा निगम और डॉक्टर अभिषेक कुमार सहित गणमान्य जनों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने मैं सहयोग किया ।यह साहित्य कार्यक्रम नहीं बल्कि भारत की आत्मा को वैश्विक उद्घोष बताया। इसी कार्यक्रम में साहित्य में उनके योगदान को देखते हुए ओजेंद्र तिवारी एवं पदमा तिवारी को डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई इस अवसर पर अमर सिंह राजपूत, रामकुमार तिवारी, पीएस परिहर, बी एम दुबे, परसोत्तम असाटी, हरिश्चंद्र सोनी, आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## गायत्री परिवार की पहल, वैदिक पद्धति से मना रहे जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में पूरे देश-विदेश में संस्कृत के माध्यम से संस्कार कराया जा रहे हैं। इसी क्रम में जन्मदिन संस्कार नरसिंहगढ़ ग्राम में कराया गया जिसमें पथरिया से आए हुए गायत्री परिवार पर के परिजन खूब चांद गुप्ता जो मिशन से कई वर्षों से जुड़े हुए हैं उनके साथ हरीलाल चौरसिया जिन्होंने नरसिंहगढ़ ग्राम में आकर वैदिक पद्धति से जन्मदिन संस्कार संपन्न कराया।

इसमे पहले एक दीप जलाकर संस्कार साहू तथा संदीप साहू का जन्मदिन 30 मई को था जो केक न काट के एक दीपक जलाकर जन्मदिन संपन्न कराया गया। उसके साथ मंत्र के उच्चारण के साथ ग्राम के लोग सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे। सभी को विस्तार से जन्मदिन की विशेषता बताई। बच्चों को संस्कारवान कैसे बनाना है केक काटकर मोमबत्ती बूझकर बच्चे संस्कारवान नहीं बनेंगे। संस्कारवान बनाना है तो अपनी संस्कृति को अपनाना पड़ेगा और अपने वेद पुराणों के माध्यम से जन्मदिन संस्कार मनाना चाहिए। ढपली की धुन पर बड़े ही प्यारे गीत सभी को सुनाएं। 24 दीप जलाकर गायत्री मंत्र का आवाहन महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां और सूर्य भगवान की। देश का भविष्य आने वाली पीढ़ी जिसे हमें संस्कारवान बनाना है तब जाकर देश की उन्नति होगी। घर की उन्नति होगी। विचारों को बदलना पड़ेगा। महंगे खर्च करके जन्म उत्सव मनाया और संस्कार कुछ नहीं पाया क्या मतलब का। आपका जन्म दिवस मनाने का क्योंकि आपका जन्मदिन ऐसा मानो ताकि आने वाला कल उज्जवल हो। अपना सभी ग्राम वासियों से निवेदन करते हुए कहा कि अपने बच्चों की जन्मदिन संस्कार संस्कृति के हिसाब से ही मनाना है और निशुल्क सेवा गायत्री परिवार के द्वारा की जा रही है ।

इस मौके पर आशीर्वाद देने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, नरसिंहगढ़ सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिदौलया माया पटेल बद्री गुप्ता और सैकड़ो की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। जन्मदिन दीप यज्ञ के माध्यम से संपन्न कराया गया। इसके साथ ही सुंदरकांड भी कराया गया। श्री बालाजी म्यूजिक ग्रुप पथरिया के माध्यम से सुंदरकांड का भी आयोजन किया। सुंदरकांड समापन के बाद भक्ति भजन रात भर चला।

## जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड कार्यालय का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड कार्यालय का शुभारंभ किया गया। श्री राजन तोंबरी, जिला विकास प्रबंधक (डी. डी. एम.) नाबार्ड द्वारा कार्यालय - E-2, श्याम नगर दमोह में कार्यालय के शुभारंभ के साथ- साथ कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। जिससे नाबार्ड की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ बैंकों एवं अन्य विभागों के माध्यम से जिले के लोगों को मिलेगा । नाबार्ड द्वारा म. प्र. में 03 नवीन जिला विकास प्रबंधक कार्यालय की स्थापना ऑनलाईन माध्यम से की गई जिसमें जी. एस. रावत (डी. एम.डी.), डॉ. एस. के. सूद (डी.एम. डी.) ऑनलाईन जुड़े एवं नरेन्द्र सोनी (एल. डी. एम.), जितेन्द्र कुमार तिवारी (आर. एम., एम. पी.जी बी.), स्वाति भोला (डायरेक्टर, आर. से. टी.), श्री अनुपम (जी.एम, डी. सी. सी. बी), वाई. के. सिंह (डी. डी.ए, उद्यानिकी) सौरभ कोठिया (ए. आर. सी. एस) एवं संदीप शुक्ला (एफ. पी. ओ.) व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है पूर्व में डी. डी.एम. नाबार्ड सागर द्वारा दमोह जिले का कार्य किया जाता जाता था एवं दमोह जिले में कोई कार्यालय ना होने के कारण नाबार्ड की महत्वपूर्ण योजनाओ का जिले के लोगों को पूर्णतः साथ नही मिल पाता था।

## रनेह की प्राचीन बावड़ी में किया श्रमदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड हटा की ग्राम पंचायत रनेह में अति प्राचीन बावड़ी में श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बावड़ी के कचरे को निकाल कर बाहर किया गया एवं खरपतवार को उखाड़ कर नष्ट किया गया सीडीओ को साफ स्वच्छ बनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रूप से जनप्रतिनिधियों में विधानसभा क्षेत्र हटा की विधायक श्रीमति उमादेवी खटीक जी जनपद पंचायत अध्यक्ष हटा गंगाराम पटेल जी रहे कार्यक्रम का प्रारंभ विधायक जी की उद्बोधन से हुआ। उनके द्वारा बताया गया जल का संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है और हमारे जो प्राचीन कुए बावड़ी एवं तालाब हैं उनका संरक्षण करके ही हम जल का संरक्षण कर सकते हैं एवं गंदगी एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने और साफ सफाई पर विशेष बल देने की बात श्रीमती उमादेवी जी की के द्वारा कही गई।

इसी के साथ ही जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल जी के द्वारा पॉलिथीन के नुकसान के बारे में सभी जनता जनार्दन को अवगत कराया गया इसके साथ ही जल संरक्षण पर किस-किस प्रकार से हम कार्य कर सकते हैं उनके द्वारा बताया गया की जल संरक्षण एवं साफ सफाई या फिर कोई भी सामाजिक गतिविधि हो उसको हमें स्वयं ही शुरुआत करनी चाहिए उसके बाद हम दूसरों को यह करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं जब हम किसी कार्य को स्वयं करेंगे तभी दूसरों को इस संबंध मैं बता सकते हैं एवं उनका कार्य करने के लिए अग्रेषित कर सकते श्रमदान की ऐसी कार्यक्रम को आगे भी ऐसे ही जारी रखने की बात श्री पटेल जी के द्वारा कही गई कार्यक्रम में रनेह ग्राम पंचायत के सरपंच कन्हैया लाल आदिवासी, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोतीलाल अहिरवार, जनपद पंचायत हटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोस्वामी, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी वीरपाल चौधरी, रूपनारायण तिवारी के साथ ही मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती पुष्पा सिंह उपस्थित रहे।

साथ ही सीएमसीएलडीपी, बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राए राकेश कुर्मी, बंदिनी राय, संध्या सेन, संजय कुशवाहा तथा परामर्शदाता में सुनील सेन, नरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इसी के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें ग्राम वासियों के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुआ आयोजन

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दिनांक 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. जी पी .चौधरी ने तंबाकू के सेवन से उत्पन्न होने वाले गंभीर रोगों की जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई ।इस अवसर पर इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ.अवधेश जैन में कहा दुनिया भर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले इस जहर से हर साल 60 लाख से ऊपर लोगों की असमय मौत होती है। इसी के साथ छात्राओं ने नशा एक अभिशाप विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रश्मि विश्वकर्मा, बी ए प्रथम वर्ष ,द्वितीय यशोदा लोधी बी ए प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान प्रीति मुंडा बी ए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में खुशबू विश्वकर्मा बीएससी प्रथम वर्ष प्रथम, नंदिनी पटेल बीएससी प्रथम वर्ष द्वितीय एवं रश्मि विश्वकर्मा बीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर डॉ .एनपी नायक, डॉ. राजेश पौराणिक, डॉ ममता संघी, डॉ असलम खान , डॉ डी. के. नेमा एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

## पांच माह से वेतन न मिलने से आउटसोर्स कर्मचारियों में रोष

### कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे



**तेंदूखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्य करने बाले समस्त आउटसोर्स कर्मचारी ने मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन देकर मांग की है कि पॉच माह का वेतन नही दिए जाने पर समस्त कर्मचारी अनिश्चित कालीन हडताल पर चले जाएगें। कर्मचारियो ने अपने आवेदन में कहां कि जनवरी 2025 से अब तक पांच माह का वेतन समस्त आउटसोर्स कर्मचरियो को नहीं दिया गया है ना ही अप्रैल 2024 से बड़े हुए वेतन का एरियर्स मिला हैं। वेतन और एरियर्स के संबंध में कलेक्टर को 26 अपे्रल एवं 27 मई को आवेदन दे कर अवगत करा चुके हैं लेकिन इस संबंध में कोई कार्यवाही नही हो रही है। आउटसोर्स कर्मचारी हताश है परेशान है कोई उनकी गुहार सुनने वाला नहीं है जहां तक की कई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। लेकिन कोई सुनाई नहीं हो रही है। हताश होकर समस्त ऑउट सोर्स कर्मचारियों ने 2 जून 2025 को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निश्चय किया है। कर्मचारियों ने बताया हैं कि 8 मई को कलेक्टर की तरफ से यह सूचना प्राप्त हुई थी कि डेढ़ करोड़ रुपये सेट मैप कंपनी को दिया जाएगा जिससे आउटसोर्स कर्मचारी का भुगतान शीघ्र किया जाएगा लेकिन अब तक कोई भुगतान नहीं हुआ है। क्या शासन द्वारा सैट मैप कंपनी को डेढ़ करोड़ का भुगतान नहीं किया गया है जिससे हम लोगों के वेतन में विलंब हो रहा है।

## सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में पदस्थ श्री मति गीता विश्वकर्मा आज अपनी अर्धवार्षिकी सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुई। 01 जून 1963 को जन्मी श्री मति गीता विश्वकर्मा सन 1995 से निरंतर नगर के शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत रही और उन्होंने अपनी पूर्ण सेवा नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में पूरी की । श्री मति गीता विश्वकर्मा बहुत ही सौम्य स्वभाव की मिलनसार एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका हैं,उन्होंने अपना कार्य हमेशा ईमानदारी एवं लगन पूर्वक किया। आज 31 मई को विद्यालय परिवार द्वारा उनका सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित कर उन्हें श्री राम दरबार, शाल,श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर संस्था प्राचार्य पी एल रैकवार ,वरिष्ठ शिक्षक के एल चौकसे,स्वदेश नेमा, श्री पाल यादव ,चंद्रशेखर हजारी,दीपक विदौल्या,जी पी अहिरवाल ,गणेश सिंह ठाकुर,हरि मेहरा ,सतीश खरे शिक्षिका ,जानकी नेमा,लक्ष्मी रैकवार,रजनी जैन,अभिलाषा शर्मा मैडम द्वारा अपने उद्बोधन में उनके सेवाकाल में किए गए कार्य की प्रशंसा की ।कार्यक्रम का संचालन जुगल शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक अवधेश पांडे,अरविंद यादव,वीरेंद्र यादव,राजेश जैन,नरेंद्र अहीरवाल,शिक्षिका सुरभि जैन,अंजली खरे,वर्षा नामदेव,अतिथि शिक्षक दशरथ सिंह,दीपेश कटारे,नगर के सांदीपनि विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बहादुर सिंह,शिक्षक अमित श्रीवास्तव,माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक तेजी सिंह ठाकुर,शिक्षक शैलेन्द्र यादव,भारत साहू,प्राथमिक कन्या शाला की प्रधानाध्यापिका जैन मैडम एवं गीता विश्वकर्मा मैडम के परिवार के सदस्यों पति महेंद्र विश्वकर्मा पूर्व सी एम ओ ,पुत्र जितेंद्र,धीरेन्द्र,वीरेंद्र एवं उनकी पुत्र बंधुएं,रिश्तेदारों की उपस्थिति रही। सभी उपस्थित लोगों ने श्री मति गीता विश्वकर्मा मैडम को स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए नए पारिवारिक दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं । अंत में विश्वकर्मा मैडम को गाजे बजे के साथ नगर से ले जाते हुए घर विदा किया ।

## खबर संक्षेप

### चार दिवसीय समर कैंप होगा आयोजित

**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल समिति दमोह द्वारा चार दिवसीय समर कैंप आयोजित किया जा रहा है जो 1 मई 2025 से 4 मई 2025 शाम 4 बजे से असाटी समाज की महिलाओं एवं बच्चों का रहेगा। कैंप पूर्णतया निशुल्क है। कार्यक्रम की प्रत्येक आकर्षक श्रृंखला के साथ महिलाओं के लिए और 17 साल से ऊपर की बच्चियो के लिए डांस एवं 11 साल से 17 साल की बच्चियों के लिए मेंहदी और 5 से 15 साल के बच्चे बच्चियों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट होगा।

### परिहार जी ने पदभार सम्हाला

**हिण्डोरिया।** स्थानीय उप विद्युत वितरण केन्द्र हिंडोरिया में पदस्थ रहे जेई रवि शंकर तिवारी का तबादला उप विधुत वितरण केन्द्र बांसा हो गया है । उनकी जगह पर दमोह टाउन में पदस्थ रहे प्रदीप सिंह परिहार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उप विधुत वितरण केन्द्र हिण्डोरिया मे पदस्थ हुये नवांगत ऐई प्रदीप सिंह परिहार ने श्री तिवारी के कार्य की सराहना करते हुये क्षेत्र के सभी नागरिकों एवं सभ्रांत उपभोक्ताओं से कहा कहा कि सभी नागरिक बिजली बिलों का भुगतान समय पर करे। बिजली चोरी एवं इसकी फिजूल खर्ची से बचें।श्री परिहार ने सभी से बेहतर समन्वयन बनाकर विधुत सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।

### जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**दमोह।** भारतीय हिंदू महासंघ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उदित सोनी के प्रथम दमोह नगर आगमन पर उनके संगठन कार्यकर्ता एवं मित्रों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सभी कार्यकर्ता उन्हें लेने के लिए सागर रोड टोल पर पहुंचे जहां उन्हें गाड़ियों के काफिले के साथ उनके घर तक पहुंचे और उन्हें फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

### आबकारी विभाग तथा शराब ठेकेदार को सद्बुद्धि के लिए प्रदर्शन

## शराब दुकान के बाहर सर्व समाज के लोगों ने दुकान हटवाने किया मौन भक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

सकल जैन समाज के द्वारा श्रुत पंचमी के पावर अवसर पर शनिवार को श्री नसिया जी मंदिर से सागर नाका स्थित प्राचीन जिन शरणम जिनालय तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें प्राचीन जिन प्रतिमाओं के साथ जिनवाणी जी की पालकी श्रद्धा का केंद्र रही।बैंड बाजा और धूमधाम के साथ निकली शोभा यात्रा का जगह-जगह जैन समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी स्वागत किया। शोभा यात्रा के सागर नाका कृषि उपज मंडी गेट पर पहुंचने के दौरान अचानक भक्ति धुन के बीच सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण करके अनूठा भक्ति प्रदर्शन किया। दरअसल यह मौन भक्ति जिला प्रशासन आबकारी विभाग तथा शराब ठेकेदार को सद्बुद्धि के लिए किया गया था। उल्लेखनीय की कृषि उपज मंडी गेट पर संचालक शराब दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर शक्ल जैन समाज के द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन के बीच प्रशासन को ज्ञापन दिए जाते रहे हैं। साथ ही स्पष्ट किया जाता रहा है कि इस शराब दुकान के आसपास मंदिर मंडी एवं विद्यालय संचालित है जिसे ध्यान में रखकर इस तरफ दुकान को पूर्व में घोषित निर्णय अनुसार आगे सागर नाके पर स्थानांतरित किया जाए। लेकिन आबकारी विभाग की हट धर्मिता के चलते ठेकेदार द्वारा शराब दुकान को यहां से नहीं हटाया जा रहा है। शनिवार को यहां पर आयोजित कार्यक्रम को ध्यान में रखकर हालांकि प्रशासन के द्वारा आज के दिन यह शराब दुकान को बंद रखने के निर्देश जारी कर दिए गए थे।






लेकिन यहां से शराब दुकान को हमेशा के लिए बंद किये जाने की मांग को जारी रखते हुए जैन समाज की शोभायात्रा के दौरान मौन रखकर यह भक्ति प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य आशीष शास्त्री ने जनप्रतिनिधियों तथा जिला प्रशासन से यहां से जल्द से जल्द शराब दुकान हटाए जाने की मांग को दोहराया। एवं णमोकार मंत्र का जाप करके जैन विधि विधान से विरोध किया गया। इस दौरान शेरा सेठ सगरा, हिरदेपुर सरपंच मंटू खटीक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हरिश्चंद्र गुड्डू पटेल, दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर जैन मंगलम, कुंडलपुर कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ सहित बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों सहित सकल जैन समाज के द्वारा प्रशासन से उनकी धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ नहीं किए जाने की अपील की ग्म्मं

## युद्ध की पूर्णता का नाम यज्ञ: श्रीभगवान वेदांताचार्य




**दमोह।** अखंड भारत की संस्कृति युद्ध और यज्ञ के तादात्म्य से परिपूर्ण है जहां युद्ध अशांति का तो यज्ञ शांति का पर्याय है। यह बात सेना को समर्पित हरिहरात्मक मृत्यंजय महायज्ञ के दौरान श्री भगवान जी ने बताई जिसे वर्तमान में सेना द्वारा किए गए साहसिक कदम उठाने और ऑपरेशन सिंदूर कि सफलता के संदर्भ में बताई। किसी भी राष्ट्र की सेना का योगदान ही उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा, शान्ति व नागरिकों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सेना देश को बाहरी आक्रमण से बचाने और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सेनाएं आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों में भी सहायता करती हैं। लेकिन इसके साथ युद्ध के परिपेक्ष में जब तीनो सेनाये आक्रांताओं से लड़ती है तब साहसिक कार्यों को सम्पन्न करती है। उस में मासूमियत का गला न रूधे और प्रकृति का संतुलन न बिगड़ने पाए इसके लिए हमारे ऋषियों ने यज्ञ की विधा को अपनाया जो भारतीय संस्कृति की अमोघ विद्या का अंग है जिससे व्यवस्थित और सामाजिक समरसता बनी रहे। यज्ञ के द्वितीय दिवस में पंचायत अध्यक्ष श्री गौरव पटेल ने महामंगल सेवा समिति के सदस्यो के साथ सेना के शौर्य को संबल देते हुए आहुतियां दी ।

### केंद्र के सामने नाले व गंदगी से बच्चों को बीमारियों का खतरा....

## आंगनबाड़ी केंद्र के सामने बिना मुंडेर का कुआं से हादसों का डर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिंगपुर

बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत फतेहपुर में वार्ड क्रमांक 12 हरिजन मोहल्ला में बनी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 126 के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है। केंद्र के मुख्य द्वारा के ठीक सामने एक नाली है जो कि गहरी न होने के कारण पूरा कचड़ा सड़क पर पड़ रहता है। साथ ही यहा पर काफी गंदगी का आलम व्याप्त है जिससे केंद्र पर आने वाले बच्चों को बीमारियों का खतरा बना रहता है। ग्राम में कई जगह ऐसे ही गंदगी के हालात है जिनको लेकर कई बार ग्रामीणों ने पंचायत कर्मियों से शिकायत की है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि नाली व्यवस्थित न होने से गंदगी सड़क पर डली रहती है। बारिश के दिनों में तो हालात और खराब हो जाते है। उन्होने कलेक्टर महोदय व बटियागढ़ जनपद सीईओ सहित सरपंच सचिव से इस ओर ध्यान देने व सफाई कराने की मांग की है।

### कुए में नहीं है सुरक्षा के इंतजाम

आंगबाड़ी केंद्र के समीप ही एक कुआ है जिसकी मुड़ेर नहीं है। बाऊण्ड्री न होने के कारण यह कुआं कभी भी किसी बडे हादसे का कारण बन रहा है। कलेक्टर महोदय द्वारा जिले में ऐसे जलस्त्रोतो में सुरक्षा के उपाय करने के निर्देश दिये थे लेकिन पंचायत कर्मियों को कोई फर्क नहीं पड़ा। जबकि कुआ बावड़ी बनवाने के लिए मध्य प्रदेश शासन की ओर से राशि भी दी जाती है लेकिन इस और पंचायत के कर्मचारी का कोई ध्यान नही है। वहीं ग्रामीणो का कहना है कई बार सरपंच सचिव से भी कह चुके हैं लेकिन कोई समस्या का हल नहीं हुआ। केंद्रो पर आने वाले बच्चे भी इसके पास से ही निकलते जिससे ग्रामीणों को डर है कि कभी कोई हादसा या अनहोनी न हो जाये। ग्रामवासियों ने कलेक्टर महोदय से कुएं के चारो ओर सुरक्षा के प्रबंध कराये जाने की मांग की है।

## तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई



**पटेरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के उमंग स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बरोनिया के मार्गदर्शन में समस्त स्टाफ की उपस्थिति में विश्व तंबाकू दिवस मनाया गया। साथ ही लोगों को तम्बाकू के सेवन से रोकने के लिए विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर शपथ भी दिलाई गई। अस्पताल में मौजूद लोगो को जागरूक किया गया।

## कुण्डलपुर में मनाया श्रुतपंचमी महापर्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में श्रुतपंचमी महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़ेबाबा का अभिषेक, शांतिधारा , रिद्धि कलश, श्रुत पूजन, विधान हुआ । इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धिकलश करने का सौभाग्य कमल विनोद अक्षत धरोटे नागपुर, अंकित कियान आलोक जैन हैदराबाद, धर्मेंद्र मनी अनुपम जैन भोपाल ,समीर जय नारान जैन दिल्ली ,भूपेंद्र जैन बचैया बहोरीबंद, संभव वरुण जैन भोपाल ,संतोष विकास करेली,सी पी नमन भोपाल, प्रमोद अयन अक्षांश लखनादौन ,सौरभ शैलेश पाटनी छिंदवाड़ा, विकास बालचंद जैन भिलाई ने प्राप्त किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक किया। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ की उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर द्वारा श्रुतपंचमी के पावन पर्व पर श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जिनवाणी का रखरखाव सुव्यवस्थित करने का कार्य शाखा के धार्मिक आयोजन मंत्री अनिलशास्त्री के संयोजन में किया गया। जिसमें मिलन शाखा के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, मंत्री महेश जैन, गोकुल चंद, राजेंद्र बजाज, कोमलचंद जैन ,ज्ञानचंद जैन, राकेश जैन सहित अनिल पुजारी शाखा के सदस्य गण शामिल रहे। जैन मिलन शाखा द्वारा मंदिर में जिनवाणी भेंट की गई। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।

## विद्युत लाइन पर गिरा पेड़, आपूर्ति हुई बाधित



**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ़ से तेंदूखेड़ा आने वाली 33 केवी की विद्युत लाइन पर साँगा के पास 3:15 बजे यूकेलिप्टस का भारी भरकम पेड़ गिर जाने से 184 गांवो की विद्युत सप्लाई बंद हो गई जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लगभग 184 गांवो की विद्युत सप्लाई रही बाधित दोपहर में अचानक विद्युत सप्लाई बंद होने पर तेंदूखेड़ा सब स्टेशन से लाइन को दो बार जोड़ा गया परंतु दोनों बार लाइन फाल्ट मार गई। इसी दौरान पेड़ गिरने की सूचना विद्युत कंपनी को मिली हवा आंधी के कारण पर गया है। ऐसी जानकारी मिली है इसके बाद टीम को रवाना किया गया। जहां पर भारी मशक्कत करने के बाद पेड़ हटाकर विद्युत सप्लाई कर्मचारियों की अथक मेहनत के कारण सुचारू हो सकी इसमें लगभग ढाई घंटे का समय लगा। इसके कारण संपूर्ण क्षेत्र तेंदूखेड़ा , तारादेही , सैलवाड़ा सहित लगभग 184 गांवो की विद्युत सप्लाई दोपहर 3:15 बजे से 5:35 तक बाधित रही जिसके चलते लोगों को अच्छी खासी परेशानी हुई। इस संबंध में विद्युत कंपनी के जेई एमएफ अंसारी ने बताया कि हवा आंधी की वजह से साँगा के पास यूकेलिप्टस का पेड़ गिर गया था जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल विद्युत कंपनी की टीम को रवाना किया गया और विद्युत को सुचारू करवाया गया।

## दरगाह पर चादर चढाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिण्डोरिया

हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्लाह अलैय के 83 वां उर्स की सही तारीख 30 मई 2025 दिन शुक्रवार को बाद नमाज मगरिब उर्स कमेटी की जानिब से बतौर रस्म अदायगी चादर शरीफ चढ़ाई गई। एवं विशेष फातेहा के बाद (तबर्रुक) प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर उर्स कमेटी के अध्यक्ष जनाब रहीम खान मुकदम ने बताया कि आगामी 10 जून 2025 दिन मंगलवार की तमाम रात्रि मशहूर कव्वाल मुकर्रम वारसी एवं हबीब अजमेरी के मध्य कव्वालियों का जोरदार मुकाबला होगा। उर्स कमेटी ने सभी वर्ग समुदाय के जायरीन, अकीकतमंद हजरात एवं गजल कव्वाली प्रेमी भाईयों से उर्स में बड़ी संख्या मे शिरकत की गुजारिश की है।

### श्री श्री राधारमण जू का वार्षिक पाटोत्सव महामहोत्सव दो दिवसीय भजन संकीर्तन सत्संग का आयोजन....

## भव्य श्री हरिनाम संकीर्तन शोभायात्रा निकाली

**एकमात्र श्री भगवान के मंगलमय नाम का संकीर्तन करके प्राप्त कर सकता है जो सर्व है-आचार्य श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह



श्री चैतन्य महाप्रभु जी की वैष्णव रसिक परंपरा के ब्रज रस रसिक अनंत श्री विभूषित नित्यलीला प्रविष्ट ॐ भगवद पाद श्री वासुदेव शरण विरही जी महाराज द्वारा प्रतिष्ठित श्री श्री गौर राधारमण जू का वार्षिक पाटोत्सव महामहोत्सव का दो दिवसीय भजन संकीर्तन सत्संग का आयोजन श्री विरही महाराज के विशेष कृपा पात्र नित्य लीला प्रविष्ट ॐ विष्णु पाद श्री श्री 108 श्री चक्रधर प्रसाद भक्ति शास्त्री जी महाराज के कृपा आशीर्वाद एवं उनके शिष्य वर्तमान आचार्य श्री श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज के पावन सानिध्य में विशेष हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें प्रातः 5 बजे मंगला आरती पश्चात श्री हरि नाम संकीर्तन प्रभात फेरी पश्चात भजन संकीर्तन एवं सत्संग एवं शाम 7:30 बजे संध्या आरती के पश्चात श्री तुलसी वंदना परिक्रमा भजन संकीर्तन धर्म प्रवचन हुए।

आज दिनांक 31 मई 2025 शनिवार को पाटोत्सव के उपलक्ष्य में राधा रमन मंदिर दमोह से प्रातः 7:30 बजे से एक विशाल दिव्य एवं भव्य श्री हरिनाम संकीर्तन शोभा यात्रा श्री मंदिर से प्रारंभ होकर उमा मिस्त्री की तलैया, घंटाघर, पुराना थाना, बड़ा पुल होते हुए वापस मंदिर में समापन हुई जिसमें जगह-जगह श्री ठाकुर जी की आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ पश्चात श्री श्री गौर राधारमण जू का महाअभिषेक हुआ उसके बाद महा आरती हुई आचार्य श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज ने श्री ठाकुर जी के पाटोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री हरि सर्वत्र विराजमान होने पर भी अपने भक्तों को आनंद एवं सेवा का शुभ अवसर प्रदान करने के लिए विग्रह रूप से भक्तों की अधीनता स्वीकार करते हैं। श्री ठाकुर जी अपने विशुद्ध भक्ति के विशुद्ध भाव में आवाहन पर साक्षात रूप से विग्रह में प्रवेश करते हैं एवं भक्ति की अधीनता स्वीकार करते हैं भक्तों उन्हें नहलाएगा तो नहाएंगे भोग लगाएगा तो भोग ग्रहण करेंगे सुलायेगा तो शयन करेंगे आदि आदि सेवाओं को स्वीकार करते हैं जिससे उनके भक्त सेवक आनंद में भरकर प्रेम अमृत रूपी समुद्र में हमेशा निमग्न रहता है।

आपने इस कलयुग के धर्म का वर्णन करते हुए कहा कि यह कलह अर्थात मशीनरी का युग है इस युग में सर्वसाधारण जनसमुदाय ज्ञान , योग, जप तप ,दान व्रत आदि अनेक धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर सकता समय का अभाव है परंतु इन अनेक प्रकार के साधनों का फल मनुष्य एकमात्र श्री भगवान के मंगलमय नाम का संकीर्तन करके प्राप्त कर सकता है जो सर्व सुलभ है उत्सव में स्थानीय भक्तों के अलावा भोपाल ,इंदौर ,सागर बीना, नरयावली, हर्रई ,छतरपुर, बंडा खुरई आदि अनेक स्थानो से पधारे भक्तों ने भाग लिया आपने कहा इस युग में सभी को हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम हरे हरे ।। इस महामंत्र का जप एवं संकीर्तन करना चाहिए इसी से सर्व सिद्धि प्राप्त हो जाती है। दोपहर में हजारों भक्तों ने असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में भंडारे में प्रसाद पाकर आनंद प्राप्त किया।

## प्लास्टिक मुक्त भविष्य को चित्रों में उकेरा




**हरिभूमि, दमोह।** हीडलबर्ग सीमेंट नरसिंहगढ़ विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को यादगार बनाने के लिए 10 दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान मना रहा है। मध्य प्रदेश हीडलबर्ग सीमेंट नरसिंहगढ़ ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (क्षेत्रीय कार्यालय, सागर) के सहयोग से फैक्ट्री प्रमुख श्री सुरेश दुबे के प्रेरक नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाने के लिए 10 दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस वर्ष की पहल वैश्विक विषयः प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें के अनुरूप है। यह आयोजन सभी आयु समूहों के उच्च उत्साह और सामुदायिक भागीदारी के साथ शुरू हुआ। कंपनी कॉलोनी के 100 से अधिक बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए एक रंगीन ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लिया। वयस्कों ने अपशिष्ट से सर्वोत्तम मॉडल प्रतियोगिता में रचनात्मक विचारों का योगदान दिया, जिसमें रोजमर्रा की सामग्रियों के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं ने एक जीवंत रंगोली प्रतियोगिता में हाथ मिलाया और कलाकृतियाँ डिज़ाइन कीं, जिनमें बीट प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ मजबूत संदेश दिए गए थे। इस बीच, आसपास के गांवों में हमारे द्वारा चलाया गया एक मजबूत डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान देखा गया। पर्यावरण प्रमुख अशोक तिवारी ने कहा कि इन सत्रों का उद्देश्य ग्रामीणों को प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों के बारे में शिक्षित करना और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को प्रोत्साहित करना है। कर्मचारी और श्रमिक भी पक्षी संरक्षण पहल में लगे हुए हैं, संयंत्र और आवासीय क्षेत्रों के भीतर पक्षियों के घोंसले स्थापित कर रहे हैं, जिससे जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन के महत्व पर जोर दिया जा रहा है। अभियान की असाधारण विशेषताओं में से एक विशेष रूप से विकसित पर्यावरण जागरूकता वाहन है। प्रेरक ध्वनि प्रणाली, पोस्टर और स्टिकर से सुसज्जित, वाहन पर्यावरणीय जिम्मेदारी और टिकाऊ जीवन का संदेश फैलाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्रों और स्थानीय समुदायों में चक्कर लगा रहा है। 10-दिवसीय कार्यक्रम हीडलबर्ग सीमेंट नरसिंहगढ़ की पर्यावरणीय प्रबंधन, सामुदायिक भागीदारी और हरित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता को बढ़ावा देने की चल रही प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।